सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-6 | विषय:हिन्दी | पाठ:1-मजबूरी

अमृत संचय-पाठ-1

प्रश्न 1. नम्रता बेटे के प्रसंग को लेकर जब- तब अम्मा का दिल क्यों दुख दिया करती थी?

उत्तर 1.नम्रता बेटे के प्रसंग को लेकर जब -तब अम्मा का दिल दुखा दिया करती थी क्योंकि उनका बेटा अपनी बूढ़ी तथा बीमार माँ को छोड़कर शहर चला गया था तथा दो वर्षों से उन्हें देखने तक भी नहीं आया था।

प्रश्न 2. रामेश्वर धर्म संकट में किस प्रकार पड़ गया?

उत्तर- रामेश्वर इस दुविधा में पड़ गया कि वह अपनी माँ (अम्मा) की भावनाओं का ध्यान रखे या अपनी पत्नी रमा की बात माने। दोनों के बीच संतुलन बनाना उसके लिए कठिन हो गया, इसलिए वह धर्म संकट में पड़ गया।

प्रश्न 3. रमा द्वारा बेटू को ले जाने की बात सुनकर अम्मा के पैरों तले की जमीन क्यों खिसकने लगी?

उत्तर- अम्मा को बेटू से बहुत स्नेह था और वही उनका सहारा था।जब रमा ने उसे मुंबई ले जाने की बात कही, तो उन्हें अपने अकेलेपन और प्रिय पोते से बिछड़ने के विचार को सुनकर अम्मा के पैरों तले की जमीन खिसकने लगी।

प्रश्न4. मुंबई जाने पर बेटू का मन क्यों लग गया?

उत्तर-मुंबई में बेटू को नए खिलौने, शहर की चकाचौंध और अपने छोटे भाई का साथ मिला। बच्चों का स्वभाव चंचल होता है और नई चीज़ों के आकर्षण के कारण वह धीरे-धीरे अपनी दादी और गाँव को भूलकर वहाँ घुल-मिल गया।

प्रश्न 5. अम्मा सभी को 'सवा रुपए का प्रसाद' बाँटने की मनौती माँगने की बात क्यों बताना चाहती थीं?

उत्तर - अम्मा को पूरा विश्वास था कि बेटू मुंबई में नहीं रह पाएगा और जल्द ही उनके पास लौट आएगा। वह अपनी इस जीत और पोते के प्रति अपने विश्वास को जताने के लिए सबको प्रसाद बाँटने की बात बताना चाहती थीं।